दिल्ली में त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 508 किलो नकली पनीर नष्ट



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने रक्षा बंधन और उसके बाद आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखकर निरीक्षण और मिलावट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों में दिल्ली के अलग-अलग ज़िलों से खाद्य पदार्थों के 22 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गये हैं।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-delhi-food-dept-destroys-508-kg-fake-paneer-in-okhla-40351175.html